गड़बड़ी मिली तो रुकेगा संस्थानों का परिणाम

यूटीयू ने दी दस्तावेज न देने पर छात्रों के परिणाम रोकने की चेतावनी

करन सिंह दयाल

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी प्रौद्योगिकी विवि ने कम उपस्थिति को लेकर सख्त रुख अपनाया है। विवि ने उन संस्थानों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है जिन्होंने नियमों के अनुरूप उपस्थिति पूरी न करने वाले छात्रों को परीक्षा में शामिल कराया है।

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

विवि से संबद्ध 31 संस्थानों को समिति के सामने पेश होना होगा और दिए गए शपथ पत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलती है तो छात्रों का परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा।

इस संबंध में विवि की परीक्षा नियंत्रक डॉ. स्वाती सिंह राजपूत की ओर से विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर नोटिस जारी कर संबंधित संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संस्थानों की सूची भी जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि विवि की कुलपति के आदेश देने के बाद भी कुछ संस्थानों ने प्रभावी अध्यादेश के तहत निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति पूरी न करने वाले छात्रों को भी प्रोविजनल आधार पर सेमेस्टर परीक्षा में शामिल करा दिया।

इन संस्थानों की लगेगी पेशी

- तुलास इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, देहरादून
- जागरण स्कूल ऑफ लॉ सेलाकुई, देहरादून
- डीडी कॉलेज निम्बुवाला गढ़ी कैंट, दून
- इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, रुड़की
- सिद्धार्थ लॉ कॉलेज, देहरादून
- जीवन रेखा कॉलेज ऑफ लॉ, काशीपुर
- जगन्नाथ विश्व लॉ कॉलेज, देहरादून
- एससी गुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, काशीपुर
- फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, रुड़की
- फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी कैंपस, देहरादून
- कुकरेजा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, देहरादून
- बूमेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (विवि कैंपस संस्थान), देहरादून
- दून बिजनेस स्कूल, देहरादून
- चमन लाल लॉ कॉलेज लंढौरा, रुड़की
- गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, देहरादून
- हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, देहरादून
- रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रुड़की
- रामानंद इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड मैनेजमेंट, हरिद्वार
- प्रगति कॉलेज ऑफ फार्मेसी, काशीपुर
- आम्रपाली ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हल्द्वानी
- माया कॉलेज, देहरादून
- जगत सिंह बिष्ट राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान, अल्मोड़ा
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (विवि कैंपस संस्थान), टनकपुर
- सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी, काशीपुर
- नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग संस्थान (विवि कैंपस संस्थान), पिथौरागढ़

टिकैत ने देहरादून में की महापंचायत सीएम बोले- ठोस कार्रवाई की जाएगी

देहरादून। दिव्यांशु हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में दून में महापंचायत हुई। आशारोड़ी चेक पोस्ट पर दिनभर चले विरोध प्रदर्शन के बाद शाम को भाकियू की 12 सदस्यीय कमेटी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की।

टिकैत ने दिव्यांशु हत्याकांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई के साथ नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। इस पर सीएम ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शुक्रवार सुबह 10 बजे से ही चेक पोस्ट परिसर में किसानों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। करीब 12 बजे पहुंचे टिकैत ने सबसे पहले मृतक छात्र दिव्यांशु को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उत्तराखंड में बढ़ते अपराध और नशे पर जमकर हमला बोला।

साथ ही शासन- प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया। कुछ देर बाद एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल मौके पर पहुंचे और टिकैत संग भाकियू पदाधिकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी सीएम से मिलने की मांग पर अड़े रहे।

एसएसपी ने सीएम से वार्ता कराने का भरोसा दिलाया तो भाकियू की ओर से टिकैत के नेतृत्व में 12 सदस्यीय कमेटी गठित की गई जो दिव्यांशु हत्याकांड में न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। दिनभर चली महापंचायत के बाद देर शाम सीएम पुष्कर सिंह धामी से भाकियू के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। सीएम से ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया।

दिव्यांशु हत्याकांड : आशारोड़ी चेकपोस्ट पर जुटे किसान, बाद में सीएम से मिले

आशारोड़ी चेक पोस्ट पर दिव्यांशु के दादा के साथ प्रेसवार्ता करते टिकैत। संवाद

पंचायत में फूट-फूट कर रोए दिव्यांशु के दादा, बोले-मेरा पोता मुझे लौटा दो : भाकियू की पंचायत में दिव्यांशु के दादा भी मौजूद रहे। इस दौरान जब राकेश टिकैत पहुंचे तो वह भावुक हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे। इस पर राकेश टिकैत ने उनको ढांढस बंधाया। रोते हुए दिव्यांशु के दादा बोले कि मेरा पोता मुझे लौटा दो। हमने तो यहां पढ़ने के लिए भेजा था हमें थोड़े ही पता था कि वह कभी नहीं लौटेगा।

पुलिस ने लगाई एफआर तो मां ने फुटेज से डंपर का पता लगाया...

डालनवाला क्षेत्र में रह रही महिला ललिता ने पंचायत के दौरान राकेश टिकैत के आगे अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र क्षितिज को डंपर चालक ने कुचल दिया था। अगले दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ 16 फरवरी 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी लेकिन आज तक पुलिस डंपर चालक का पता नहीं लगा पाई है।

महापंचायत में सोमदत्त शर्मा, संजय चौधरी, सुरेंद्र खालसा, नवीन राठी, नरेश स्वामी आदि मौजूद रहे। संवाद

युवाओं का भविष्य संवारने के लिए उपलब्ध रहेंगी मेरी हड्डियां : हरीश

कहा- मेरे अर्जित अवकाश को पक्ष-विपक्ष न बनाया जाए

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने 15 दिन के अवकाश को लेकर पार्टी में चल रहे घमासान पर कहा, मेरे अर्जित अवकाश को पक्ष-विपक्ष न बनाया जाए। 59 वर्षों की यात्रा के बाद एक छोटा अर्जित अवकाश लेना मेरा स्वाभाविक अधिकार बनता है।

उन्होंने कहा, 2027 में जिन नौजवानों को संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, यदि उन्हें महर्षि दधीचि की तरह मेरी हड्डियों की आवश्यकता भी होगी तो उनके भविष्य को संवारने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ अटूट गठबंधन रहा है लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे क्षण आ जाते हैं, जब थोड़ी असहजता का अनुभव होता है।

पूर्व सीएम रावत ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल से मेरा लंबा मानसिक, भावनात्मक संबंध है। कुछ लोग तो होंगे जिन्होंने मुझे भ्रातृवत या पितृवत माना होगा, उनकी भी कुछ भावनाएं हो सकती हैं। 59 वर्षों की यात्रा के दौरान मुझे बात का स्मरण रहा है कि मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं, अंतिम रूप से पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व का निर्णय ही मैंने हमेशा शिरोधार्य माना है। कभी थोड़ी विनती कर दी होगी लेकिन अंत में पार्टी के शीर्ष निर्णय को ही स्वीकार किया। अवकाश के दौरान भी निरंतर सक्रिय हूं और अपनी हड्डियां घिस रहा हूं, लेकिन मुझको लेकर उत्सुकता रखने वाले समीक्षकों का भी मैं आभारी हूं। ब्यूरो

रावत को मनाने घर पहुंचे संजय नेगी

देहरादून। रामनगर क्षेत्र से 2022 में कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़े संजय नेगी शुक्रवार को पूर्व सीएम हरीश रावत मानने के लिए उनके घर पहुंचे। उन्होंने हरीश रावत से आग्रह किया राजनीतिक अवकाश को समाप्त कर पार्टी के लिए काम करें। कांग्रेस में शामिल होने की बात से पार्टी नेताओं में जिस तरह से बयानबाजी हो रही है, उससे कांग्रेस को नुकसान हो रहा है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने बीते दिनों नई दिल्ली में हुई बैठक में संजय नेगी को पार्टी में शामिल करने की बात रखी थी लेकिन पार्टी ने हरीश रावत की बात को गंभीरता से नहीं लिया। ब्यूरो

चुनाव मोर्चे पर अकेले पड़े कांग्रेस के कमांडर

देहरादून। चुनावी मोर्चे पर कांग्रेस के कमांडर अकेले पड़ गए हैं। भाजपा के प्रहार का जवाब देने के बजाय प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को अपने ही नेताओं की खींचतान से उपजे से घमासान को रोकने के लिए ढाल बनना पड़ रहा है। दो माह से प्रदेश कार्यकारिणी पर मंथन चल रहा है लेकिन अभी तक हाईकमान निर्णय नहीं ले पाया। सत्ता का सूखा खत्म करने के लिए कांग्रेस ने 2027 के चुनाव में बड़ी उम्मीदें लगाई हैं लेकिन इस उम्मीद को हकीकत में बदलने के लिए पार्टी नेताओं में एकजुटता के बजाय गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। ब्यूरो

वक्फ बोर्ड देश में है तो सनातन बोर्ड क्यों नहीं : देवकीनंदन

देहरादून(वत्सल गुप्ता)। आज अगर देश में वक्फ बोर्ड है तो सनातन बोर्ड भी होना चाहिए। सनातन बोर्ड बनेगा तो सनातन का उत्थान होगा। गुरुकुलम बनेंगे सनातनियों को रोजगार मिलेगा।

ये बातें प्रसिद्ध कथावाचक और आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने खास बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि अभी चारधाम में गैर सनातनी प्रवेश पर रोक लगी है ये आदेश भारत के हर तीर्थ क्षेत्र में लागू होना चाहिए। जब मक्का मदीना में हिंदू नहीं जा सकता तो मथुरा, अयोध्या या हर तीर्थ क्षेत्र में क्यों गैर हिंदू प्रवेश पर रोक नहीं लग सकती। आज कल हर तीर्थ क्षेत्रों में चोरी समेत कई घटनाएं हो रही हैं। अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा की बात करना अधर्म नहीं है। हम हिंदू-मुस्लिम की बात नहीं सिर्फ अपने तीर्थ क्षेत्रों को सुरक्षित करने की मांग कर रहे हैं। ब्यूरो

प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को आ सकते हैं उत्तराखंड

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड आ सकते हैं। प्रदेश सरकार प्रस्तावित दौरे की तैयारियों में जुट गई है। प्रधानमंत्री देहरादून में दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे समेत कई योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री का पहले चार अप्रैल को उत्तराखंड का दौरा प्रस्तावित था लेकिन कुछ राज्यों में चुनावी व्यस्तता के कारण यह टल गया था। अब प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को उत्तराखंड आ सकते हैं, हालांकि पीएमओ से प्रस्तावित दौरे का अधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। ब्यूरो

योगेंद्र रावत बने आईजी कुंभ श्वेता चौबे टिहरी कप्तान

देहरादून। शासन ने शुक्रवार को चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। अगले वर्ष होने वाले कुंभ के लिए पुलिस अधिकारियों की तैनाती भी शुरू हो गई है। इसी क्रम में आईजी कार्मिक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत को आईजी कुंभ बनाया गया है। कुंभ एसएसपी की जिम्मेदारी के लिए आयुष अग्रवाल को चुना गया है। ब्यूरो

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गावा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153 | ई-नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 9(1) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तो एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
1.	1. मैसर्स जेएस पैकेजिंग (कर्जदार), पता- ग्राम- कुंडा, पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर - 244712 2. श्री जगदीप सिंह पुत्र स्व.जसवंत सिंह (पार्टनर), पता- ग्राम- कुंडा पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर - 244712 3. श्रीमती हरप्रीत कौर पत्नी जगदीप सिंह (पार्टनर), पता- ग्राम कुंडा पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर- 244712 4. श्रीमती बलविंदर कौर पत्नी स्वर्गीय श्री जसवन्त सिंह (जमानती), पता- ग्राम- कुंडा पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर - 244712 5. मैसर्स जेएस इंडस्ट्रीज (कर्जदार), पता- ग्राम कुंडा, पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर - 244712 6. श्री जगदीप सिंह पुत्र स्व.जसवंत सिंह (प्रोपराईटर), पता- ग्राम कुंडा पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर-244712 7. श्रीमती हरप्रीत कौर पत्नी जगदीप सिंह (जमानती), पता- विलेज कुंडा पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर- 244712 8. श्रीमती बलविंदर कौर, स्वर्गीय श्री जसवन्त सिंह (जमानती), पता- ग्राम- कुंडा पुराना भट्ठा कुंडा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर- 244712	1. बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 405 मिन, खाता नं. 159, ग्राम कुण्डा, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर या 1 एकड़, सम्पत्ति बही नं. 1, जिल्द नं. 220, पेज 161 से 164, क्रमांक 3070 दिनांक 20.08.2014 को श्रीमती हरप्रीत कौर के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं (सेल डीड के अनुसार)-पूरब में नहर, पश्चिम में चक रोड, उत्तर में जगदीप सिंह, का खेत, दक्षिण में जगदीप सिंह का खेत। (सम्पत्ति मूल रूप से जे.एस. इंडस्ट्रीज में गिरवी रखा गया और जे.एस. पैकेजिंग में विस्तारित किया गया)।	₹ 2,04,00,000.00 ईएमडी ₹ 20,40,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	22.04.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	01.07.2023 27.09.2023 ₹ 7,89,06,464.98 (रूपये सात करोड़ नवासी लाख छः हजार चार सौ चौसठ एवं पैसे अट्ठानबे मात्र) + रु. 30,46,449.26 (रूपये तीस लाख छियालिस हजार चार सौ उनचास एवं पैसे छब्बीस मात्र) अप्राप्त ब्याज + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क (01.05.2023 से प्रभावी) + रु. 6,69,36,775.27 (रूपये छह करोड़ उनहत्तर लाख छत्तीस हजार सात सौ पिचहत्तर एवं पैसे सत्ताईस मात्र) + रु.18,77,559.93 (रूपये अठारह लाख सतहत्तर हजार पांच सौ उनसठ एवं पैसे तिरानबे मात्र) अप्राप्त ब्याज + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क (22.06.2023 से प्रभावी)
		2. बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 405 मिन, ग्राम कुण्डा, तहसील जसपुर जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। क्षेत्रफल 0.6070 हेक्टेयर या 6070 वर्ग मीटर। सम्पत्ति बही नं. 1, जिल्द नं. 435, पेज 275 से 288, क्रमांक 1744 दिनांक 13.06.2016 को श्री जगदीप सिंह पुत्र श्री जसवंत सिंह के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं (गिफ्ट डीड के अनुसार)- पूरब में नहर के बाद पीडब्लूडी की रोड, पश्चिम में अजायब सिंह की आराजी, उत्तर में हरप्रीत कौर की आराजी, दक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग। (सम्पत्ति मूल रूप से जे.एस. इंडस्ट्रीज में गिरवी रखा गया और जे.एस. पैकेजिंग में विस्तारित किया गया)।	₹ 3,05,00,000.00 ईएमडी ₹ 30,50,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	22.04.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	
		3. बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 405 मिन, खाता नं. 338, ग्राम कुण्डा, तहसील जसपुर, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। क्षेत्रफल 0.4090 हेक्टेयर। सम्पत्ति बही नं. 1, जिल्द नं. 614, पेज 127 से 140, क्रमांक 1275 दिनांक 01.05.2018 को श्री जगदीप सिंह के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं (सेल डीड के अनुसार)- पूरब में जगदीप सिंह की आराजी, पश्चिम में जगदीप सिंह की आराजी, उत्तर में हरप्रीत कौर की आराजीदक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग। (सम्पत्ति मूल रूप से जे.एस. इंडस्ट्रीज में गिरवी रखा गया और जे.एस. पैकेजिंग में विस्तारित किया गया)।	₹ 2,06,00,000.00 ईएमडी ₹ 20,60,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	22.04.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	
		4. बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 397 मिन, 398, 399, 400ख, 407सा मिन, ग्राम कुण्डा, तहसील जसपुर जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। क्षेत्रफल 2640.00 वर्ग मीटर। सम्पत्ति सेल डीड संख्या 3518, दिनांक 27.12.2017 के अनुसार श्री जगदीप सिंह पुत्र श्री जसवंत सिंह के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं (गिफ्ट डीड के अनुसार)- पूरब में संपत्ति जगदीप सिंह, पश्चिम में 13 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर में संपत्ति जगदीप सिंह, दक्षिण में 15 फीट चौड़ा रास्ता। (सम्पत्ति मूल रूप से जे.एस. इंडस्ट्रीज में गिरवी रखा गया और जे.एस. पैकेजिंग में विस्तारित किया गया)।	₹ 1,13,00,000.00 ईएमडी ₹ 11,30,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	22.04.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	
		5. सम्पत्ति - फैक्ट्री (भूमि एवं भवन), प्लांट एवं मशीनरी 5 (अ). बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 405 मिन, खाता नं. 159,, ग्राम कुण्डा, तहसील जसपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर। सम्पत्ति सेल डीड सं 2948, दिनांक 12.08.2014 तथा तितामा क्रमांक सं. 3069, दिनांक 20.08.2014 के अनुसार श्री जगदीप सिंह पुत्र श्री जसवंत सिंह के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं (सेल डीड के अनुसार)- पूरब में नहर, पश्चिम में चक रोड, उत्तर में खेत अजायब सिंह, दक्षिण में खेत हरप्रीत कौर। (सम्पत्ति मूल रूप से जे.एस. इंडस्ट्रीज में गिरवी रखा गया और जे.एस. पैकेजिंग में विस्तारित किया गया)। 5 (ब). प्लांट एवं मशीनरी आइटम नीचे दिए गए विवरण के अनुसार- कार्टन प्रोफाइल बनाने की मशीन 02 नग, कंप्यूटर संचालित शीटिंग मशीन 02 नग, स्वचालित फोल्डर ग्लूअर 01 नग, कन्वेयर के साथ माउंटिंग मशीन 02 नग, कार्टन स्टैक के लिए स्ट्रिपिंग मशीन 01 नग हाइड्रोलिक रोल क्लैंपिंग मशीन 02 नग, हाइड्रोलिक मशीन क्लैंपिंग मशीन 01 नग, रोटरी स्टेकर के लिए मशीन 01 नग, रोल व कच्चे माल के लिए मशीन 01 नग, स्ट्रैपिंग मशीन कार्टन स्टैक 01 नग, कार्टन फोल्डिंग व ग्लूइंग मशीन 01 नग, स्ट्रैपिंग मशीन कार्टन स्टैक 01, कार्टन फोल्डिंग व ग्लूइंग मशीन 01, स्टैक के साथ स्वचालित पंचिंग मशीन 01, रोटरी स्लॉट के साथ पंचिंग मशीन 01, कार्टन फोल्डिंग व ग्लूइंग मशीन 01, वजन स्केल 01, सर्वो ड्राइव सिलाई मशीन 01, स्वचालित पेपर कटिंग मशीन 01, कलर प्रिंटर सॉर्टर 01, लेमिनेशन रोल सेपरेटर मशीन 01, कोल्ड लेमिनेशन मशीन 01, फोल्डर और ग्लूअर फीडर मशीन 01, डाई पंचिंग मशीन 01, स्वचालित बांसुरी लेमिनेशन मशीन 01, इलेक्ट्रिकल पैनल व सहायक उपकरण (सेट) (मैसर्स जे.एस. इंडस्ट्रीज एवं मैसर्स जे.एस. पैकेजिंग में दृष्टीबंधक रखा गया है)	संपत्ति (अ) - ₹ 4,55,00,000.00 + संपत्ति (ब) - ₹ 3,08,00,000.00 (*जीएसटी लागू) = संपत्ति (अ) व (ब) का कुल योग ₹ 7,63,00,000.00 ईएमडी ₹ 76,30,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	22.04.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार 5 (अ) भौतिक कब्जा 5 (ब) भौतिक कब्जा	
2.	1. मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज, द्वारा इसके प्रोपराइटर श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल, प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल (प्रोपराइटर मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज), पता- प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. श्रीमती राजबाला अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. श्रीमती दिशा अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. श्रीमती दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र एमआर शंकर लाल (जमानती), पता- हाउस नं. 24 बी/2, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रामपुर, उत्तर प्रदेश- 244901 8. श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री मोहब्बे अली (जमानती), पता-मोहल्ला अल्लीखां, वार्ड नंबर 10, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि व भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 304, 305, प्लॉट सं. 8/1 महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 21520 वर्ग फुट या 2000 वर्ग मीटर। सम्पत्ति श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है (लीज डीड सीरियल सं. 6348, दिनांक 01.09.2017 को हिमालयन फूड पार्क द्वारा श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई है)। सीमायें (लीज डीड के अनुसार) - पूरब में दूसरों के प्लॉट, पश्चिम में दूसरों के प्लॉट, उत्तर में 15 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में चक रोड।	₹ 2,25,72,000.00 ईएमडी ₹ 22,57,200.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	22.04.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	05.01.2024 20.05.2024 ₹ 3,59,39,936.00 (रुपये तीन करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) + ₹ 14,73,943.15 (रुपये चौदह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ तिरालिस एवं पैसे पंद्रह मात्र) + अप्राप्त ब्याज + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क एवं ब्याज 26.12.2023 से प्रभावी

विक्रय के निबन्धन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html एवं https://baanknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0- 8477000519, 8477009621 से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया दिनांक 04.04.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 15.04.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक | सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चो सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 02.04.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर | प्राधिकृत अधिकारी

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, तृतीय वृत्त लो.नि.वि., पिथौरागढ़
ई-मेल-Sepwdpth@rediffmail.com

राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक ई-निविदा सूचना

मा0 राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य की ई-टैण्डरिंग द्वारा **दू बिड सिस्टम (Two Bid System) के अन्तर्गत** निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाऐं http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 07.04.2026 को सायं 05.00 बजे से उपलब्ध होंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा की वैधता (दिवस)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह)	फर्म/ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
I	2	3	4	5	6	7
1	मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 396/2025 के क्रम में जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत बसौटी रौकुंवर मोटर मार्ग में डामरीकरण एवं सुधारीकरण का कार्य।	4.47	5000.00 + 18% GST	90	09	केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम में मार्ग कार्यों हेतु "C